# ममलेश्वर मंदिर में बड़े बदलाव की तैयारी

### क्यू मैनेजमेंट से जूता घर तक होंगे नए इंतजाम



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** ओंकारेश्वर स्थित प्राचीन एवं संरक्षित ममलेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने मंदिर की व्यवस्थाओं में व्यापक सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि ओंकारेश्वर आने वाले लगभग सभी श्रद्धालु ममलेश्वर मंदिर में भी दर्शन करने पहुंचते हैं। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के संरक्षण में है। लंबे समय से मंदिर परिसर में अव्यवस्थाओं और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर शिकायतें मिल रही थीं, जिन्हें गंभीरता से लेते हुए ममलेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

कलेक्टर ने बताया कि समिति नियमित बैठकें कर मंदिर की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रही है और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार निर्णय लिए जा रहे हैं। मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुचारु व्यवस्थाएं और अन्य आवश्यक सुविधाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महापर्व को ध्यान में रखते हुए ममलेश्वर मंदिर के विकास कार्यों की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद विकास कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। प्रस्तावित कार्यों में आधुनिक क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, श्रद्धालुओं के लिए जूता घर, प्रशासनिक भवन सहित अन्य आवश्यक निर्माण शामिल हैं, जिससे दर्शन व्यवस्था अधिक सुगम और व्यवस्थित हो सके।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने मंदिर की आय और पारदर्शिता को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर की दान पेटियां प्रत्येक 15 दिन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति तथा वीडियोग्राफी के बीच खोली जाती हैं। दान से प्राप्त राशि मंदिर के बैंक खाते में जमा की जाती है। इसी राशि से मंदिर में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है तथा मंदिर परिसर के विकास एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर खर्च किया जाता है।

प्रशासन का कहना है कि सिंहस्थ 2028 से पहले ममलेश्वर मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुव्यवस्थित, सुविधाजनक और आधुनिक स्वरूप देने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक अनुभव मिल सके।

# 23 वर्षों का ज्योतिर्लिंग दर्शन का संकल्प हुआ पूर्ण

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सपरिवार किए ओंकारेश्वर-ममलेश्वर के दर्शन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा/ओंकारेश्वर।** भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सपरिवार तीर्थनगरी ओंकारेश्वर और ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन कर विशेष पूजा-अर्चना की। शनिवार रात ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान के दर्शन और शयन आरती में शामिल होने के साथ ही उन्होंने अपने जीवन का एक बड़ा संकल्प पूरा किया। उन्होंने साल 2003 में देश के सभी 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करने का संकल्प लिया था, जो लगभग 23 वर्षों की लंबी आध्यात्मिक यात्रा के बाद ओंकारेश्वर में आकर पूर्ण हुआ। इस अवसर पर भावुक होते हुए ज्ञानेश कुमार ने कहा कि महादेव की असीम कृपा से ही यह संकल्प साकार हो पाया है और यह क्षण उनके लिए अत्यंत अविस्मरणीय है। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित डंकेश्वर दीक्षित ने उन्हें विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई और बाबा ओंकारेश्वर की पौराणिक महिमा से अवगत कराया। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने लोगों को एक महत्वपूर्ण संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अध्यात्म को जरूर स्थान देना चाहिए, क्योंकि यह हमें सकारात्मक ऊर्जा, आत्मबल और सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। इसके साथ ही उन्होंने देशवासियों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र की उन्नति, समाज के विकास और मानवीय मूल्यों को सशक्त बनाने के लिए पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करें।अपने दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन, रविवार सुबह करीब छह बजे ज्ञानेश कुमार ने अपनी पत्नी के साथ ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचकर भगवान का अभिषेक एवं विशेष पूजन किया। यहाँ वैदिक विधि-विधान से पंडित निलेश पुरोहित और सुधीर अत्रे ने पूजा संपन्न कराई। मुख्य निर्वाचन आयुक्त के इस महत्वपूर्ण दौरे को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। दर्शन-पूजन के इस पूरे कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग के आयुक्त, निर्वाचन के वरिष्ठ अधिकारी, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अगम जैन सहित कई प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# निहाल समाज ने भाजपा नेता भीम सिंह गुर्जर का माना आभार



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** निहाल समाज की विभिन्न समस्याओं को अपने लेखों और विचारों के माध्यम से शासन, प्रशासन, जनप्रतिनिधियों तथा समाज के लोगों तक पहुंचाने पर समाज के प्रतिनिधियों ने भाजपा नेता एवं समाजसेवी भीम सिंह गुर्जर का आभार व्यक्त किया।

समाज के वरिष्ठजनों का कहना था कि भीम सिंह गुर्जर ने अपने लेखों के जरिए निहाल समाज की शिक्षा, सामाजिक और अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता से उठाया, जिससे समाज के लोगों में भी जागरूकता बढ़ी। समाजसेवी सुनील खेड़ और दिलीप सिंह राजपूत ने समाज के लोगों को इन मुद्दों पर संगठित होने के लिए प्रेरित किया। वहीं समाजसेवी अरविंद सवनेर और संतोष निहाल ने भी समाज के प्रमुख लोगों को इन प्रयासों से अवगत कराया।इसके बाद समाज के प्रतिनिधिमंडल ने सुनील खेड़ और दिलीप सिंह राजपूत के साथ भीम सिंह गुर्जर के निवास पहुंचकर उनका सम्मान किया तथा समाज की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# श्रीअन्न के उत्पादन को प्राथमिकता दें...

**खंडवा ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्राकृतिक खेती में बड़ा स्कोप है। किसानों को चाहिए कि वे परम्परागत खेती के स्थान पर जैविक एवं प्राकृतिक खेती अपनायें। मुख्यमंत्री ने इस साल अल्प वर्षा की आशंका को देखते हुए प्रदेश के किसानों से अपील की है कि वे अपने कृषि कार्यों की वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक योजना बनाएं तथा कम अवधि और कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसलों को विशेष प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं कृषि उत्पादन को सुरक्षित बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर रही है। कृषि, उद्यानिकी एवं संबंधित विभागों के माध्यम से जिलेवार सतत समीक्षा और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि वर्तमान परिस्थितियों में जल संरक्षण और जल के विवेकपूर्ण उपयोग का विशेष महत्व है। किसान भाई-बहन खेतों में उपलब्ध नमी का संरक्षण करें, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें और सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों का अधिकाधिक उपयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विभाग द्वारा जारी तकनीकी सलाह का पालन करते हुए परिस्थितियों के अनुरूप फसल चयन करें।

### एक नजर में

# खंडवा पुलिस की ताबड़तोड़ कॉम्बिंग गश्त

**163 वारंट तामील, 60 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त**




**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए खंडवा पुलिस ने रविवार सुबह 6 से 11 बजे तक वृहद कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ हुई कार्रवाई के दौरान 163 वारंट तामील कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 6 आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए करीब 60 बल्क लीटर अवैध शराब जब्त की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने 25 स्थायी वारंट, 106 गिरफ्तारी वारंट, एनआई एक्ट के 30 वारंट तथा 2 वसूली वारंट तामील किए। साथ ही 63 गुंडा बदमाश, 39 निगरानी बदमाश, 9 जिला बदर बदमाश और 22 अन्य संदिग्ध तत्वों की जांच कर उनके संबंध में जानकारी जुटाई गई।कॉम्बिंग गश्त में कोतवाली, मोघट रोड, पदमनगर, पंधाना, पिपलोद, छैगांव माखन, जावर, मूंदी, धनगांव, नर्मदानगर, हरसूद, खालवा और किल्लौद थाना पुलिस ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कई थाना क्षेत्रों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ अवैध शराब के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। पुलिस प्रशासन का साफ कहना है कि फरार आरोपियों, वारंटियों, अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ ऐसे विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

# दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना में 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन करें

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा ।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री दिव्यांगजन शिक्षा प्रोत्साहन योजना का वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं।

आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण कृष्ण गोपाल तिवारी ने बताया कि योजना का संपूर्ण संचालन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल और समयबद्ध बनेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि 31 अगस्त 2026 से पूर्व ऑनलाइन आवेदन कर इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ अवश्य प्राप्त करें। इस योजना का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आधुनिक संसाधनों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। निर्देशानुसार पात्र छात्र-छात्राएं स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। जिला कार्यालयों में प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्रता के आधार पर उन्हें स्वीकृत किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत चयनित विद्यार्थियों को विश्व दिव्यांग दिवस पर 3 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में लैपटॉप एवं मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल वितरित किए जाएंगे।

# पंधाना में करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

### सांसद-विधायक ने विकास को दी नई रफ्तार



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नगर परिषद पंधाना में रविवार को करोड़ों रुपये की लागत से होने वाले दो दर्जन से अधिक विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और विधायक छाया मोरे ने किया। इनमें नगर परिषद का नवीन भवन, सीसी सड़क, अस्पताल भवन, नवीन बस स्टैंड सहित कई विकास कार्य शामिल हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता प्रदीप जगधन्नै एवं पार्षदों ने अतिथियों का स्वागत किया।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने का लाभ पंधाना सहित पूरे क्षेत्र को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज गांवों और शहरों में सड़क, बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले बिजली की स्थिति खराब थी, जबकि अब प्रदेश में बेहतर विद्युत आपूर्ति हो रही है।

विधायक छाया मोरे ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुफ्त राशन, स्वच्छ भारत मिशन और लाड़ली बहना योजना जैसी योजनाओं से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है तथा महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप जगधन्नै ने शहर के विकास के लिए अतिरिक्त राशि की मांग रखी। इस पर सांसद और विधायक ने आवश्यक सहयोग का आश्वासन देते हुए मांगों को स्वीकृति देने की घोषणा की। इस अवसर पर सीएमओ मंशाराम बड़ोले, भाजपा मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, भाजपा नेता वीरेंद्र चौरे, सभापति जगदीश एकले, अमजद कादरी, मुबारिक खान, सुनील जायसवाल, पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# किसानों को ई-टोकन और बैंकिंग योजनाओं की दी जानकारी



**नवभारत न्यूज़**

**छैगांवमाखन।** पैक्स संस्था छैगांवमाखन में सहकारी सप्ताह के समापन अवसर पर जनपद पंचायत सभागृह में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरस्वती पूजन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखा प्रबंधक कल्पना खंडेलवाल ने किसानों को खाद वितरण के लिए ई-टोकन जनरेट करने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए नई व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बताया। चमाटी संस्था प्रबंधक मिश्रीलाल पटेल ने शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, बचत खाते, एफडीआर, आरडी और डिजिटल बैंकिंग सहित बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष सचिन पाटीदार ने किसानों से समय पर खाद उठाव करने, आधुनिक कृषि तकनीक अपनाने, फसल विविधीकरण और बागवानी को बढ़ावा देने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि सरपंच लखनलाल गुलकर ने किसानों को सहकारिता विभाग और बैंक की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही। इस दौरान किसानों को नई केसीसी ऋण पुस्तिकाओं का भी वितरण किया गया।कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष अशोक महाजन, पूर्व संचालक रमेश वर्मा, समिति प्रबंधक अमित लाड़ सहित विभिन्न पैक्स संस्थाओं के प्रबंधक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। संचालन मेहताब सिंह भदौरिया ने तथा आभार प्रदर्शन मनोज पालीवाल ने किया।

# आज से शुरू होगा 7 दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** मानसून के दौरान आपदा प्रबंधन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं एसडीईआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में 6 से 12 जुलाई तक सात दिवसीय सिविल डिफेंस वॉलंटियर प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जाएगा। प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार सुबह 11 बजे किशोर कुमार सभागार में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में होगा।होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट आशीष कुशवाह ने बताया कि प्रशिक्षण में स्वयंसेवकों को बाढ़ आपदा प्रबंधन, अग्नि सुरक्षा एवं अग्निशमन, ध्वस्त संरचनाओं में खोज एवं बचाव, सर्च एंड रेस्क्यू तकनीकों, और नागरिक सुरक्षा से जुड़े विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण विशेषज्ञों द्वारा दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षित सिविल डिफेंस वॉलंटियर तैयार करना है, जो प्राकृतिक आपदा या अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी भूमिका निभा सकें।

# संगठन सर्वोपरि, कार्यकर्ता ही हमारी असली शक्ति : विधायक तनवे



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** हथिया बाबा संत निवास में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण जिला बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन की मजबूती, जनसेवा, आगामी कार्यक्रमों तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने पर सार्थक चर्चा हुई।

मध्यप्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, निमाड़ संभाग के प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, भाजपा जिला प्रभारी अंबाराम कराड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित जिला, मंडल एवं बूथ स्तर के पदाधिकारी, त्रिदेव एवं बड़ी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए खंडवा विधायक कंचन मुकेश तनवे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में संगठन सर्वोपरि है और पार्टी को असली शक्ति हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं से मिलती है। उन्होंने पार्टी की समृद्धि और उन्नयन के लिए सभी साथियों के उत्साह, अनुशासन और सेवा भाव को नमन करते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं में चाहे कितने भी मनभेद हों, लेकिन जब बात पार्टी की आती है तो सभी पूरी मेहनत और ईमानदारी से पार्टी के हित में खुद को लगा देते हैं। उन्होंने कहा कि समर्पण की यह परंपरा वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में वर्षों से चली आ रही है और आगे भी अनवरत चलती रहेगी।

**समस्या** — मूलभूत सुविधाएं नहीं मिलने पर संत विनोबा भावे वार्ड के रहवासियों ने दी चक्काजाम की चेतावनी

# शिकायतों के बाद भी नहीं सुधरी रोड, लोगों ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** संत विनोबा भावे वार्ड क्रमांक 7 के पार्षद दीपक राठौर के नेतृत्व में वार्डवासियों ने कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

रहवासियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, जिससे लोगों में आक्रोश है। ज्ञापन में वार्ड की जर्जर सड़कों और नालियों की मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को चालू कराने, मल्टी में संचालित कथित अवैध गतिविधियों पर कार्रवाई, वार्ड के समीप स्थित शराब दुकान को हटाने, बिजली के बढ़े हुए बिलों एवं स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने तथा नियमित साफ-सफाई और प्रतिदिन कचरा वाहन भेजने की मांग की गई है।पार्षद दीपक राठौर ने कहा कि वार्डवासी लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं और प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र अमल नहीं हुआ तो वार्डवासी अगले रविवार को चक्काजाम करेंगे। इस दौरान यदि कानून-व्यवस्था की कोई स्थिति बनती है तो इसकी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन और संबंधित अधिकारियों की होगी। जनहित में सभी समस्याओं का तत्काल समाधान कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान करने की मांग की है।